हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार 20 जनवरी 2026

11 पंडित जसराज की जयंती पर पीलीमंदोरी में समारोह 2 को...



12 गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट , कई होटलों को खंगाला



## खबर संक्षेप

### पीड़ित को ठगी गई राशि वापस दिलवाई

**फतेहाबाद।** साइबर फ्रॉड के एक मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना भुना पुलिस ने बैंक के सहयोग से पीड़ित युवक को उससे ठगी गई 7 हजार 500 रुपये की राशि वापस दिलवाकर राहत प्रदान की है। साइबर हेल्प डेस्क इंचार्ज पीएसआई मनदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस को गांव धोलू निवासी विशान ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### हांसपुर रोड बाईपास से हेरोइन सहित पकड़ा युवक

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पुलिस टीम हांसपुर रोड बाईपास पुल के समीप स्वामी ढाबा के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया, जो पुलिस वाहन को देखकर घबरा गया और वापस मुड़ने का प्रयास करने लगा।

### एएनसी सेल ने हेरोइन सहित युवक को पकड़ा

**रतिया।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए एएनसी सेल फतेहाबाद ने शहर रतिया क्षेत्र में गश्त के दौरान एक युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। एएनसी सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक यादवेंद्र ने बताया कि पुलिस टीम अनाज मंडी रतिया से होते हुए अरोड़ा कॉलोनी क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबरा गया और अचानक दिशा बदलकर तेजी से चलने लगा।

### मेधावी छात्रों को दी जा रही प्रोत्साहन राशि

**सिरसा।** सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, विमुक्त घुमंतु, टपरीवास श्रेणी और अन्य वर्गों के मेधावी छात्र/छात्राओं को निरंतर पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। अब तक जिला के 4994 पात्र छात्र/छात्राओं के बैंक खाते में 3 करोड़ 99 लाख 97 हजार रुपये की राशि डाली जा चुकी है।

### दड़बा कलां में मेगा सर्विस कैंप 5 मार्च को

**सिरसा।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान-2026 के तहत आगामी 5 मार्च को जिले के गांव दड़बा कलां में मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं को सीधे ग्रामीणों के द्वार तक पहुंचाना और उन्हें कानूनी व प्रशासनिक सहायता प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने-अपने स्टॉल लगाकर अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देंगे।

### पशु क्रूरता के मामले में आरोपी चालक गिरफ्तार

**सिरसा।** कालांवाली थाना पुलिस ने पशु कुररता अधिनियम व गौ संरक्षण व संवर्धन अधिनियम के मामले में आरोपी कैंटर चालक को गिरफ्तार किया है। कालांवाली थाना प्रभारी पीएसआई सुनील कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता राहुल बंसल पुत्र ओमप्रकाश निवासी मंडी कालांवाली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 जनवरी की रात आरोपी केंटर में गोवंश भरकर गदराना से तारूआना की तरफ आ रहा था। जिसने कैंटर में भरे गौवंश को रोड पर ही कैंटर से नीचे फेंक दिया। जिससे एक गोवंश की मौका पर ही मौत हो गई व तीन अन्य गौवंश घायल हो गए।

## कोर्ट परिसर में पार्किंग को लेकर डीएसपी के रीडर और कर्मचारी में विवाद

# वर्क सस्पेंड कर अनिश्चितकाल के लिए धरने पर बैठे वकील

**पुलिस कर्मचारी पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

कोर्ट परिसर में गाड़ी पार्किंग को लेकर सोमवार को डीएसपी के रीडर और पार्किंग कर्मचारी के बीच विवाद हो गया। विवाद की सूचना पर कुछ वकील भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद पुलिस कर्मचारी और वकील के बीच बहस शुरू हो गई। इसके बाद वकीलों ने पुलिस कर्मचारी पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए वर्क सस्पेंड कर दिया और कोर्ट परिसर में ही धरना शुरू कर दिया है। वकीलों का कहना है कि जब तक आरोपी कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं होती, उनका धरना जारी रहेगा। बार एसोसिएशन ने मंगलवार को भी धरना जारी रखने और दोपहर तक समाधान न निकलने पर वहीं लंगर सेवा शुरू करने का ऐलान किया है। बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के चेयरमैन राकेश गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को एक पुलिस कर्मचारी गाड़ी लेकर आया और कोर्ट में वकीलों के लिए बने पार्किंग में अपनी गाड़ी खड़ी करने लगा। यहां पार्किंग को लेकर डीएसपी के रीडर और कर्मचारी गुल्लू के बीच पहले कोई बातचीत हुई और बाद में विवाद बढ़ गया। इसके बाद बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान नरेश सोनी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कारण पूछा तो पुलिसकर्मी के साथ उनकी बहस हो गई। वकीलों का आरोप है कि पुलिसकर्मी ने वकीलों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अप्य वकील भी मौके पर एकत्र हो गए और वर्क सस्पेंड की घोषणा कर दी। इसके बाद नाराज वकीलों ने कोर्ट में धरना शुरू कर दिया और पुलिसकर्मी के व्यवहार को न्यायपालिका की गरिमा के खिलाफ बताया और दोषी पुलिसकर्मी पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

**आज दोपहर तक समाधान न होने पर वहीं पर लंगर सेवा शुरू करने का ऐलान किया**



फतेहाबाद। कोर्ट परिसर में धरना देते वकील। फोटो : हरिभूमि

### एसपी के प्रवक्ता ने मामले को भ्रामक बताया

इस मामले में एसपी फतेहाबाद के पीआरओ विनोद ने ब्यान जारी कर कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वे संदेश, जिनमें वकीलों एवं एक पुलिस कर्मी के मध्य विवाद होने की बात कही जा रही है, पूर्णतः असत्य, भ्रामक एवं निराधार हैं। इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि संबंधित पुलिस कर्मी द्वारा अपनी गाड़ी वकीलों के लिए निर्धारित पार्किंग के सामने स्थित उपलब्ध खाली स्थान में खड़ी की जा रही थी। स्थिति स्पष्ट होते ही पुलिस कर्मी ने अपनी गाड़ी तत्काल वहां से हटा ली। इस दौरान पुलिस कर्मी एवं वकीलों के बीच किसी प्रकार का कोई विवाद, कहासुनी अथवा मतभेद नहीं हुआ। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि संबंधित पुलिस कर्मी द्वारा न तो किसी के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया और न ही उनके द्वारा किसी प्रकार का अनुचित अथवा नियमविरुद्ध आचरण किया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही सूचना पूर्णतः तथ्यहीन है।

### क्या कहते हैं वकील

बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान नरेश सोनी व विनय शर्मा ने कहा कि कोर्ट परिसर में इस तरह का व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक संबंधित पुलिसकर्मी पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। विनय शर्मा के अनुसार इस गाड़ी के पिछली तरफ तो हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी हुई है जबकि आगे की तरफ प्राइवेट नंबर प्लेट है। अन्य भी कई अनियमितताएं हैं, जो ट्रैफिक नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। इस गाड़ी का चालान भी किया जाना चाहिए। बार काउंसिल के चुनावों के संबंध में फतेहाबाद आए हरियाणा-पंजाब बार काउंसिल के चेयरमैन राकेश गुप्ता भी वकीलों के बीच पहुंचे। वकीलों ने उनके सामने भी इस मुद्दे को उठाया।

### मैंने कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया: रीडर

वहीं, इस संबंध में डीएसपी के रीडर मुकेश कुमार का कहना है कि उसने कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया। न ही उसका किसी से कोई विवाद हुआ। सिक्योरिटी गार्ड ने कहा कि वकीलों की पार्किंग में खड़ी नहीं करना। मैंने वकीलों की पार्किंग के सामने वाली जगह गाड़ी खड़ी कर दी।



सिरसा। डीएसपी आरोपियों के बारे में जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सदर बाजार में सरेआम छीना-झपटी, दो आरोपी गिरफ्तार

- महिला के कानों से सोने की बालियां छीनकर बाइक सवार हुए थे फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

शहर थाना पुलिस ने बीती 15 जनवरी को शहर सिरसा के सदर बाजार क्षेत्र में महिला के कानों से सोने की बालियां छीना-झपटी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है।

डीएसपी मुख्यालय आदर्शदीप सिंह ने बताया की बीती बीती 15 जनवरी को पीड़ित महिला रानी देवी निवासी गांव बिसनपुर, जिला खगडिया, बिहार हाल जेजे कालोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उसकी बहू करीब 3.30 बजे सदर बाजार सिरसा में सर्दी के कंबल खरीदने के लिए आई हुई थी। जब वे दोनों सास बहू सुभाष चौक सिरसा के नजदीक पंहुची तो पीछे से बाइक सवार दो नौजवान युवक आए और उसके कानों की बालियां छीन कर मौका से फरार हो गए। डीएसपी ने बताया कि मामला जैसे ही पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण के संज्ञान में आया उन्होंने तुरंत प्रभाव से शहर थाना सिरसा में तीन पुलिस टीमों का गठन कर मामले को शीघ्र अति शीघ्र सुलझाने के निर्देश दिए।

**सामान बरामद**

डीएसपी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर थाना शहर सिरसा में छीना-झपटी का मामला दर्जकर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान शहर थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त दोनों आरोपी जितेंद्र सिंह व बूटा सिंह निवासी पालीबाला, तहसील जलालाबाद, जिला फाजिल्का को शहर सिरसा के रोड़ी गेट क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी आदर्शदीप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की निशानदेही पर सोने की बालियां व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया है।

## डार्क वेब पर डेटा बिक्री का खतरा बढ़ा

- पुलिस अधीक्षक ने साइबर सुरक्षा के लिए एडवाइजरी की जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को डार्क वेब के खतरों से आगाह करते हुए एक विशेष साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी का उद्देश्य नागरिकों को इंटरनेट के उस छिपे हुए हिस्से के बारे में जागरूक करना है, जो आम सर्च इंजनों जैसे गुगल, बिंग आदि पर दिखाई नहीं देता और जिसका उपयोग अपराधी डाटा चोरी, ब्लैकमेलिंग, ड्रग्स व्यापार, हथियार बिक्री तथा वित्तीय ठगी जैसे अपराधों के लिए करते हैं। एसपी ने बताया कि डार्क वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जिसे सामान्य वेब ब्राउजर से एक्सेस नहीं किया जा सकता। इसके लिए दि ऑनियन राउटर जैसे विशेष ब्राउजर की जरूरत होती है।



एसपी सिद्धांत जैन।

**नागरिकों से अपील**

एसपी सिद्धांत जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। किसी भी अनजान लिंक, ईमेल या अटैचमेंट को बिना जांचे न खोलें। अपने पासवर्ड को मजबूत बनाएं, जिसमें अक्षर, अंक और विशेष चिन्ह हों। वेबसाइट के लिए अलग पासवर्ड का उपयोग करें। सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स नियमित रूप से अपडेट करें। किसी भी साइट पर आधार नंबर, बैंक डिटेल या ओटीपी साझा न करें। यदि कोई संदिग्ध मैसेज या ब्लैकमेलिंग कॉल/मेल मिले तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

## दुकान में घुसकर चोरी का प्रयास, तीन काबू

- सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पंहुची, आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले के शहर टोहाना में गांधी गेट स्थित एक दुकान से पकड़े चुराने का प्रयास करने का समाचार है। 4-5 महिलाएं बच्चों के साथ सामान खरीदने के बहाने दुकान में घुसी और कपड़े चोरी करने की कोशिश की। दुकानदार ने मौके से तीन महिलाओं को पकड़ लिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और इन तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे कपिल पुत्र सुभाष चंद पाहवा निवासी वार्ड नंबर 09, नजदीक बाल्मीकी मंदिर, टोहाना ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।



टोहाना। दुकान में चोरी करते पकड़ी गई महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**मामला दर्ज**

आरोपियों ने दुकान से 3-4 पैंट, एक ट्रैक सूट और अन्य कपड़े चोरी करने की कोशिश की, जिसे दुकानदार ने मौके पर पकड़ लिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इन लोगों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बिरपाल, रजनी कौर पत्नी हरविंदर तथा छिंदर कौर पत्नी तरसेम सिंह निवासी हमीरगढ़, थाना मूनक, जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ धारा 305, 331(3), 331(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## नाकाबंदी के दौरान गांजा तस्कर गिरफ्तार

- आरोपी की पहचान फतेहाबाद निवासी दीपक के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जमालपुर शेखां-कुलां रोड पर नाकाबंदी के दौरान सीआईए टोहाना पुलिस ने एक युवक को भारी मात्रा में गांजा सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान दीपक पुत्र हजारीराम निवासी इंदाछोई, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गांव जमालपुर शेखां क्षेत्र में गश्त एवं नाकाबंदी पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक मोटरसाइकिल पर गांजा लेकर रतिया की ओर से टोहाना की तरफ आ रहा है। सूचना के उपरांत पुलिस ने जमालपुर शेखां-कुलां रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ समय पश्चात एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया, जो पुलिस नाकाबंदी को देखकर वापस मुडऩे का प्रयास करने लगा। संदेह के आधार पर उसे मौके पर ही काबू कर लिया गया। पपुलिस के तलाशी लेने पर आरोपी के पास रखे हरे रंग के प्लास्टिक कट्टे से 8 किलो 808 ग्राम गांजा बरामद हुआ।



फतेहाबाद। गांजा सहित पकड़ा गया युवक। फोटो : हरिभूमि

## टोहाना में पुलिस कर्मियों पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

उपमंडल के गांव गाजूवाला में सोमवार को पुलिस कर्मचारियों पर हमला के मामला सामने आया है। इस हमले में डायल 112 टीम के दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से एक को गंभीर हालत में अग्रोहा रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, डायल 112 भूना टीम को सूचना मिली थी कि गांव गाजूवाला में रामू नामक ग्रामीण अपने पिता के साथ मारपीट कर रहा है। सूचना मिलने पर डायल 112 भूना की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने के बाद आरोपी रामू ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में पुलिसकर्मी सुरेंद्र सिंह के कान पर लाठी लगने से खून बहने लगा। घटना की सूचना डायल 112 टोहाना टीम को दी गई। इंचार्ज रमेश चंद्र के नेतृत्व में टोहाना टीम मौके पर पहुंची, जहां आरोपी ने रमेश चंद्र के साथ भी मारपीट की। दोनों घायल पुलिस कर्मचारियों को नागरिक अस्पताल लाया गया।



## ढाणी गोपाल के अमृत सरोवर पर फिल्म 'पंखों से आगे' की हुई शूटिंग

**भारत-मोरक्को सांस्कृतिक रिश्तों को मिलेगा नया आयाम**

# हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए मोरक्को पार्टनर कंट्री घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 8वें संस्करण के लिए मोरक्को को आधिकारिक पार्टनर कंट्री घोषित किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव मार्च-अप्रैल में आयोजित होगा, जिसमें मोरक्कन सिनेमा और भारत-मोरक्को के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को विशेष रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। यह जानकारी सांझी संस्कृति फाउंडेशन एवं संस्कृति सोसाइटी फॉर आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट के निदेशक धर्मेन्द्र डांगी ने सोमवार को भूना में हरिभूमि संवाददाता से विशेष बातचीत में दी। धर्मेन्द्र डांगी सोमवार को गांव ढाणी गोपाल स्थित अमृत सरोवर पर अपनी फिल्म 'पंखों से आगे' की शूटिंग के निरीक्षण के लिए पहुंचे हुए थे। धर्मेन्द्र डांगी ने बताया कि एचआईएफएफ 2026 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन सांझी संस्कृति फाउंडेशन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र तथा रोक्रे फाउंडेशन फॉर आर्ट, कल्चर एंड पीस, मोरक्को के सहयोग से किया जाएगा।



भूना। हरिभूमि संवाददाता से बातचीत करते निदेशक धर्मेन्द्र डांगी।

### मोरक्को को पार्टनर कंट्री बनाना गर्व की बात

धर्मेन्द्र डांगी ने कहा कि मोरक्को को पार्टनर कंट्री बनाना एचआईएफएफ के लिए गर्व की बात है। सिनेमा के माध्यम से यह पहल भारत और मोरक्को के बीच सांस्कृतिक कूटनीति, रचनात्मक संवाद और दीर्घकालीन साझेदारी को मजबूती देगी। उन्होंने बताया कि एमओयू में भविष्य में मोरक्को में इंडो-मोरक्कन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आयोजित करने की संभावनाओं पर भी सहमति बनी है, जिससे दोनों देशों के बीच फिल्म निर्माण, सह-निर्माण और सांस्कृतिक सहयोग को नई दिशा मिलेगी।

### अनेक देशों के प्रतिनिधि लेंगे भाग

उल्लेखनीय है कि हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, हरियाणा सरकार के सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग सहित विभिन्न सरकारी विभागों के सहयोग से आयोजित होता है। एचआईएफएफ अब तक अपने सात सफल संस्करणों का आयोजन कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान बना चुका है।

## घर से चोरी के आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** टोहाना शहर में घर से सोने के टोपस व मोबाइल चोरी होने के मामले का खुलासा करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रवि पुत्र करमबीर निवासी बाबा बूटा शाह बस्ती, टोहाना हाल निवासी जींद के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे रमेश लाल पुत्र सोहन लाल निवासी वार्ड नंबर 17, दमकौरा रोड, तूर नगर, टोहाना द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 4 दिसंबर 2025 को उनके भतीजे की शादी गुरुग्राम में होने के कारण परिवार सहित बाहर गए हुए थे। 7 दिसंबर को लौटने पर उन्होंने पाया कि मकान की अलमारी से दो जोड़ी सोने के टॉप्स और दो मोबाइल फोन चोरी हो चुके हैं। इस पर पुलिस ने 18 जनवरी को धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में जांच करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।



हरिभूमि

# सहेली



विशेषः गणतंत्र दिवस
वसंत पंचमी, बालिका दिवस

भारतीय स्त्रियां गणतांत्रिक व्यवस्था के प्रति पूरी आस्था रखती हैं, वे इसे व्यापक संदर्भों में देखती हैं। उनके लिए गणतंत्र केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, परिवार-समाज की एक ऐसी संरचना है, जो आपस में सबको जोड़ती है। स्त्रियों का मानना है, घर का संविधान शब्दों में नहीं, व्यवहार में लिखा जाता है, जो जीवन मूल्य सहेजता है। आज की स्त्रियों का यह भी मानना है कि घर-परिवार का लोकतंत्र मजबूत है तो देश का गणतंत्र भी हमेशा मजबूत रहेगा।

## नए युग में स्त्री के लिए गणतंत्र के मायने

आवरण कथा



**कल्पना मनोरमा, साहित्यकार**

कभी-कभी बदलाव शोर मचाकर नहीं, दबे पांव भी आते हैं और भीतर ही भीतर विचलित कर देते हैं। ऐसे बदलाव धीरे से आकर हमारे भीतर बैठ जाते हैं, हमें पता तब चलता है, जब हम स्वयं को पहले जैसा नहीं पाते। इस तकनीकी युग के आगमन के साथ स्त्री की सजगता और स्वतंत्रता के दायरे में एक मौन के साथ गहरा बदलाव घटित हुआ है। यह बदलाव केवल सुविधा का नहीं, बल्कि मां के अनुभव और उसकी नैतिक समझ को चुनौती देने वाला है, मानो समय के प्रवाह में अचानक आईने रख दिए गए हों, जिनमें स्त्री को स्वयं को नए सिरे से देखने की चुनौती आ खड़ी हुई हो। खासतौर पर वे स्त्रियां, जिनके बच्चे बढ़ रहे हैं, पढ़ रहे हैं। जिन्हें बच्चों के अनुभव, अनुभूति, अभिव्यक्ति को तराशना है, उनके लिए यह तकनीकी दौर का संविधान, पहेली जैसा है।

**बदलते समय का चक्रः** सत्तर के दशक की मां के हाथ में छड़ी होती थी। वह छड़ी क्रूरता का प्रतीक नहीं, बल्कि वह स्पष्टता का संकेत थी। उसमें सीमा थी, अनुशासन था, और एक ऐसी नैतिक रेखा थी, जिसे लांघने से पहले बच्चा ठिठकता था, सोचता था, डरता था। फिर भी उस दौर की मां को उसकी संतान डर से नहीं, प्रेम, भरोसे और एक सहज स्नेह के साथ देखती थी। समय बदला। मां ने भी समय के साथ स्वयं को बदला। मांओं की दुनिया में घर के अलावा विद्यालय, ऑफिस, हवाई अड्डे, बस अड्डे आदि जुड़ने लगे तो उनके हाथ में छड़ी की जगह उपहार आ गए, संवाद, सुविधा, समझाइश, सहमति। यह परिवर्तन किसी हार का नहीं, संवेदनशीलता के विस्तार की यात्रा के रूप में देखा गया। लेकिन समय यहीं नहीं रुका। यह ऐसा समय है, जो न छड़ी से अनुशासित होता दिख रहा है और न ही उपहारों से साधा जा सकता है। यह न स्नेह से पिघलता है, न डांट से रुकता है। यहां स्कूल का होमवर्क हो या बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जटिल डेटा, सब कुछ क्षण भर में सुलझ जाता है। स्त्री यह सब देख रही है।





**जटिलताओं का अंबारः** मां की भूमिकाएं बदल रही हैं। आज की स्त्री के पास जटिलताओं का अंबार है। उसे अपने भीतर ठहरकर सोचना होगा कि यदि सब कुछ इतना तात्कालिक, असुविधा रहित होता चला गया, तो अनुभव कहां जाएगा? संघर्ष कहां टिकेगा? चिंतन की वह धीमी आग कहां सुलगेगी, जो मनुष्य को मनुष्य बनाने में मदद करती है। ऐसी विधि जो मनुष्य को केवल सक्षम नहीं, संवेदनशील भी बनाती है। भय यह नहीं है कि एक दिन मशीन मनुष्य बन जाएगी। भय यह है कि मनुष्य अपने सोचने, ठहरने और गलती करने के अधिकार से वंचित हो जाएगा, और तब यह दुनिया कैसी होगी, इसकी कल्पना ही सिहरन पैदा करती है, क्योंकि जिस गति से मनुष्य दौड़ रहा है, वह मानव तो रहने वाला है नहीं। यहीं से स्त्री का गणतंत्र जन्म लेता है। किसी उद्घोष से नहीं, बल्कि इस गहरी चिंता से कि मनुष्य कैसे बचा रहे?

**स्त्री के लिए संविधान शब्दों से नहीं व्यवहार से लिखा जाता हैः** अंतिम निर्णय किसी बाहरी व्यवस्था से नहीं, मनुष्य के भीतर रचे गए विवेक से जन्म लेता है। स्त्री इस विवेक को जानती है, इसलिए उस पर भरोसा करती है। उसके घर का संविधान शब्दों में नहीं, व्यवहार में लिखा जाता है, जहां संवेदना कोई सजावटी मूल्य नहीं, बल्कि जीवन की अमूल्य शर्त है। वहां दक्षता उपयोगी हो सकती है, पर निर्णायक नहीं, उपलब्धि दिख सकती है, पर मनुष्यता से बड़ी नहीं होती। आज की स्त्री दोहरे मोर्चों पर डटी है। वह ऐसा घर बनाना चाहती है, जहां गणतंत्र किसी एक दिन का उत्सव नहीं, रोज का अभ्यास बने। छोटे-छोटे निर्णयों में, सुने गए प्रश्नों में, रोके गए मुद्दों में और उस सावधानी में, जिससे मनुष्य को परिणामों में नहीं बदला।

**आज की सबसे बड़ी चुनौतीः** स्त्री जानती है कि प्रतीक जरूरी हैं, पर संरचना सजगता से बनती है। आज की स्त्री अनुभव से सीख चुकी है कि यदि घर के भीतर लोकतंत्र जीवित है, तो वह अपने घर को प्रयोगशाला नहीं बनने देगी। वह नहीं चाहेगी कि बच्चे आंकड़ों में ढलें और संबंध माप-तौल में सिमट जाएं। आज की स्त्री की समझ सीधी भी है और गहरी भी। अगर नहीं है तो वह अपनी समझ गहरी करती है, क्योंकि घर के भीतर लोकतंत्र जीवित रहा, तो देश के गणतंत्र को बचाने के लिए बाहर किसी संघर्ष की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मानवता का गणतंत्र न भय पर टिका है, न किसी प्रलोभन पर, बल्कि उस स्वतंत्र सोच और सजग उपस्थिति पर टिका है, जो समय की आंखों में आंखें डालकर प्रश्न कर सके। क्योंकि जीवन भूलों में रहकर ही अपने लिए बेहतर चुनना सीखता है, और यही प्रक्रिया मनुष्य को मनुष्य बनाए रखती है। पर जिस गति से मशीन, मानवीय समय को स्थिर करती हुई मानकीकृत शक्ति को भस्मासुर की तरह बढ़ा रही है, वहां सबसे बड़ी चुनौती यही है कि मनुष्य अपनी अनुभूति, धीमी गति और चूक की संभावना को बचाए रखे। ऐसे समय में स्त्री को किसी एक पक्ष में नहीं, बल्कि संतुलन साधने के उपाय खोजने होंगे, ताकि तकनीकी साधन बनी रहे, निर्णायक न बने, और जीवन अपनी स्वाभाविक लय में बहता रहे। यही उसका गणतंत्र है, अघोषित, पर हर दिन जिया जाने वाला, निरंतर।

### स्त्री के लिए चेतना की एक संरचना है गणतंत्र

**आज की** जागरूक स्त्री के लिए गणतंत्र केवल कोई राजनीतिक व्यवस्था नहीं है, बल्कि चेतना की एक संरचना है। एक ऐसा आंतरिक संविधान, जो शोर में नहीं, आत्मसंवाद में रचा जाता है। यह वह गणतंत्र है, जहां सुविधा से पहले विवेक की बात की जाती है। गति से पहले ठहराव आता है और उत्तर से पहले प्रश्न पूछे जाते हैं। क्योंकि प्रश्न पूछना ही मनुष्य की अंतिम आजादी है। स्त्री जानती है कि तकनीक को न तो पूरी तरह नकारा जा सकता है, न आंख मूंदकर अपनाया जा सकता है। इसलिए वह गणतंत्र की गरिमा संसद के शोर में नहीं, अपने घर की चुप्पी में बचाने का संकल्प लेती है। घर जहां वह हर दिन, अनजाने ही, अपना संविधान लिखती है। इस संविधान में सबसे पहले अनुभव का अधिकार सुरक्षित होता है। हर समस्या का त्वरित समाधान नहीं दिया जाता। बच्चे को सोचने दिया जाता है, उलझने दिया जाता है, गिरने और उठने का अवसर दिया जाता है, क्योंकि जीवन उत्तरों से नहीं, प्रक्रिया और प्रतिक्रिया से बड़ा होता है। यहां प्रश्न पूछना अपराध नहीं होता। यहां असहमति अवज्ञा नहीं कहलाती। मशीन से उत्तर लेने से पहले मनुष्य से संवाद किया जाता है। शब्दों के बीच की खामोशी को भी सुना जाता है, समझा जाता है। यहां तकनीक साधन होती है, निर्णायक नहीं। चैटजीपीटी सहायक है, जीवनचर्या का विकल्प नहीं।

## नेतृत्वशील बनकर मजबूत करें देश का गणतंत्र

अगर आपके भीतर नेतृत्व के गुण हैं तो आप सशक्त होकर देश के गणतंत्र को भी मजबूत करने में अपना योगदान दे सकती हैं। नेतृत्वशील कैसे बनें, जानिए-

भूमिका

**नलिन खोईवाल**



आप किसी भी क्षेत्र में हों, आपके भीतर नेतृत्व क्षमता यानी लीडरशिप की क्वालिटी है तो आप न सिर्फ तरक्की पाएंगी, सशक्तिकरण की राह पर भी आएंगी। इस तरह महिलाएं सशक्त बनकर, अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वाह करके देश के विकास में अपना योगदान देकर, देश का गणतंत्र मजबूत कर सकती हैं। आप भी नेतृत्वशील बनिए। इसके लिए आपके भीतर कुछ खूबियों का होना जरूरी है, ये कौन-सी हैं, जानिए-

**त्वरित निर्णय लेने की क्षमताः** अच्छा नेतृत्व वही कर सकता है, जो अच्छा प्रबंधक हो। अच्छा प्रबंधक बनने के लिए त्वरित निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। साथ ही कोई बात सही है या नहीं, योजना उचित है या नहीं, निर्णय न्यायसंगत है या नहीं, इसके लिए स्वविवेक से निर्णय लेने की भी क्षमता होना बहुत जरूरी है।

**दृढ़ इच्छाशक्ति और सेवाभावीः** कुशल नेतृत्व वही कर सकता है, जिसके भीतर दृढ़ इच्छाशक्ति और पक्का इरादा हो। आप जो भी निर्णय लें दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ लें। साथ ही आपका व्यक्तित्व सेवाभावी और दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने वाला भी होना चाहिए।



**चेहरा हो मुस्कान भराः** एक हंसता-मुस्कराता चेहरा, सौ मर्ज की दवा है। एक मधुर मुस्कान भारी से भारी थकान को चुटकी में दूर कर देती है। सफल प्रबंधन के लिए जरूरी है कि आप स्वभाव से हंसमुख भी हों।

**ईमानदार, सामर्थ्यवान और बुद्धिमान बनेंः** आप जिस भी संस्थान में काम कर रही हों, वहां पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करें। काम कितना ही बड़ा और जटिल क्यों न हो, आपके भीतर उसे पूरे आत्मविश्वास के साथ करने की सामर्थ्य होनी चाहिए।

**सोच हो सकारात्मकः** आप जहां भी अपनी सेवाएं दें, नकारात्मक विचारों को त्यागकर सकारात्मक सोच के साथ अपनी सेवाएं दें। जैसी दृष्टि होगी, वैसी ही सृष्टि होगी। कर्म में विश्वास करें और औरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

**समय प्रबंधन हो कुशलः** नेतृत्व में कुशल महिलाएं हमेशा समय का उचित प्रबंधन करके चलती हैं, क्योंकि कम समय में बहुत सारे काम करने होते हैं। समय के साथ चलें और समय की कीमत को पहचान कर आगे बढ़ें। सफलता के लिए जरूरी है कि कार्य की प्राथमिकता तय कर कार्यों का निष्पादन करें।

**बनें परिवर्तनशील और बढ़ावा दें नवचारिता कोः** परिवर्तन संसार का नियम है, परिस्थितियों के अनुसार प्रतिष्ठान की कार्यशैली में बदलाव करती रहें। नए-नए प्रयोग कर नवचारिता को बढ़ावा दें। इससे संस्थान में स्वस्थ वातावरण बनेगा, सबकी कार्यक्षमता बढ़ेगी।

**हो समर्पण और टीम भावनाः** आप काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहें और जरूरत पड़ने पर त्याग करने के लिए तत्पर रहें। सभी को साथ लेकर चलें, टीम भावना का विकास करें, क्योंकि संगठन में ही शक्ति है।

**व्यक्तित्व हो सरल-सादगीपूर्णः** आपका व्यक्तित्व ऐसा सरल और सादगीपूर्ण होना चाहिए कि दूसरों पर एक अच्छा प्रभाव छोड़े और आप लोगों के लिए एक मिसाल बनें। दिखावे की जिंदगी न जिएं। सादा जीवन-उच्च विचार को महत्व दें।

**व्यवहार हो मृदुः** एक टीम लीडर के रूप में आपका प्रयास यही हो कि कार्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण रहे, इससे लोग अनावश्यक तनाव से बचे रहेंगे। आप भी निश्चिंत होकर अपने कार्य का निर्वहन अच्छे से कर पाएंगी।

यहां बताई गई इन बातों को ध्यान में रखेंगी तो सफलताएं आपकी कदम चूमेंगी। देश के विकास में आपकी अहम भूमिका होगी।

वसंत ऋतु में निहित भावबोध को समझें तो यह हमारे भीतर की एक अनुभूति भी है, जीवन जीने की एक कला है। आज की स्त्रियां इस जीवन कला को पूरे मन से अपना रही हैं, अपने संग अपनों के जीवन को वासंती रंगों से संवार रही हैं।

## वसंत को जीवनपर्यंत जीती हैं स्त्रियां

जीवनशैली


**सरस्वती रमेश**



वसंत ऋतु परिवर्तन, सृजन, ज्ञान और नवजीवन का द्योतक है। माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाने वाला वसंत पंचमी, शीत ऋतु के अंत और वसंत ऋतु के आगमन का संदेश लेकर आता है। एक तरह से यह प्रकृति की ऊष्मा को जीवन में उतारने का संदेश लेकर भी आता है। इस संदेश को अपनाने में महिलाएं सबसे आगे होती हैं। वसंत और महिलाओं की प्रकृति का यह साम्य आजीवन बना रहता है।

**घर में बिखेरती हैं वसंत की सुगंधः** एक स्त्री के जीवन का वसंत ठीक वैसा ही होता है, जैसा प्रकृति के बाहरी स्वरूप में दिखाई पड़ता है। जिस तरह प्रकृति अपने भीतर के साज, कोमलता, रंग, गंध और जीवन को वसंत के माध्यम से अभिव्यक्त करती है, ठीक वैसे ही एक स्त्री प्रकृति के इन विशेषणों को अपने जीवन और आचरण में धारण कर अपने घर-परिवार में बारहों महीने वसंत होने का अहसास भरती है। कोयल के कूकने में, आम्र मंजरियों की सुगंध में, सरसों के पीले फूलों को देखने में जो आनंद की अनुभूति होती है, कुछ-कुछ वैसी ही अनुभूति एक स्त्री सुबह-सुबह चाय की प्याली में भर कर घर भर में बिखेर देती है। उसके पकाने-खिलाने, सजाने-संवारने, पालने-पोसने से जुड़ी हर क्रिया में वसंत का ही राग और रंग निहित होता है। परिवार के हर सदस्य की जरूरत का ख्याल रखकर उनके जीवन में खुशी और संतुष्टि के फूल घर की स्त्री ही खिलाती है। स्त्री के परिश्रम और समर्पण से ही उसके घर के कोने-कोने में वसंत हर समय मुस्कुराता है।

**अपनों के जीवन में घोलती हैं रंगः** स्त्रियों के जीवन का वसंत कोमल या संकुचित नहीं जीवंत, कर्मठ और विस्तृत होता है। आज की स्त्री अपने जीवन में वसंत लाने के साथ ही अपने पूरे परिवार के सपनों में रंग भी भरती है। वसंत का अर्थ भी यही है। हर ओर फूल, हर ओर हरियाली, हर ओर खुशहाली। उसका मानना है कि जब तक परिवार का प्रत्येक सदस्य अपने जीवन में संतुष्टि, कामयाबी, प्रेम, अपनत्व और प्रसन्नता का वसंत नहीं महसूस करेगा, तब तक उसके जीवन में आया वसंत एकाकी और उल्लासहीन रहेगा। उसमें उल्लास तभी शामिल होगा, जब उसके अपनों के मन के तार भी एक साथ झंकृत हों। इसीलिए आज की स्त्रियों ने घर-परिवार और बाहरी संसार के बीच कुछ इस तरह संतुलन बनाना सीख लिया है कि हर ओर वसंत मुस्कुरा उठे।



**पराए को बना लेती हैं अपनाः** स्त्री के जीवन में वसंत जीवन भर उसके संग-संग सहचर बना रहता है। बचपन के दिनों में बाबुल के आंगन में उनकी चहचहाहट, किशोरवय की उनकी खिलखिलाहट वसंत के फूलों की तरह घर-आंगन में झरती रहती है। बेटियों के लिए उनके मां-बाप का दुलार-प्यार उनके जीवन के वसंत का सबसे मोहक पक्ष होता है। बहू के रूप में सास-ससुर, ननद, जेठ-जेठानी और देवर को सम्मान और स्नेह के सुगंध से अपना बना लेती हैं। पत्नी के रूप में अपने पति के जीवन का तो वसंत ही बन जाती हैं। ऐसी खिलती और महमहाती हैं कि पराया घर, पराए लोग कब अपने बन जाते हैं, पता ही नहीं चलता।

**लुटाती हैं वसंत की ऊष्माः** स्त्रियां घर-परिवार में मनाए जाने वाले पर्व-त्योहारों में नए रंग भर देती हैं। रिश्तों में मायूसी की सारी बर्फ, ठिठुरन, ठहराव की शीत पर वसंत की ऊष्मा छिड़कते हुए हर ओर अपनेपन और प्यार के फूल खिलाती हैं, जीना सिखाती हैं।

स्किन केयर



**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

## स्किन को यंग बनाएगा केले का छिलका

हम अकसर केला खाने के बाद उसका छिलका डस्टबिन में फेंक देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि केले का छिलका आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा सकता है? केले का छिलका एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन बी-6, विटामिन-सी, पोटेशियम और मिनरल्स से भरपूर होता है, जो कि आपकी त्वचा और बालों के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। विटामिन त्वचा को पोषण देते हैं और चमक बढ़ाते हैं। पोटेशियम त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करता है जबकि एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को धूप और प्रदूषण से होने वाले नुकसान से बचाते हैं।

**फेस मास्कः** यह फेस मास्क बनाने के लिए केले के छिलके को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर इन्हें मिक्सी में पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें। इस पेस्ट में आधा चम्मच चावल का आटा और आधा चम्मच चीनी मिलाएं। इन तीन चीजों को अच्छी तरह मिक्स करें। इस तरह आपका नेचुरल फेस मास्क तैयार हो जाएगा। इस फेस मास्क को अप्लाई करने से पहले अपने चेहरे को साफ पानी से जरूर धो लें ताकि त्वचा पर जमी मैल और गंदगी हट जाए अन्यथा इसके पॉजिटिव रिजल्ट नहीं आएंगे। इसके बाद इस फेस मास्क को त्वचा पर समान रूप से लगाएं और प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। जब मास्क सूख जाए तो ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इस मास्क को रोजाना एक बार लगाने से आपकी त्वचा मुलायम, साफ और चमकदार बनेगी। आप चाहें तो यह पेस्ट ज्यादा मात्रा में बनाकर एयर टाइट कंटेनर में भी रख सकती हैं और जरूरत के अनुसार इसका उपयोग कर सकती हैं।



**फाइन लाइंस के लिएः** अगर आपके चेहरे पर समय से पहले फाइन लाइंस आनी शुरू हो गई है या दाग-धब्बों से परेशान हैं। तो भी केले का छिलका मददगार हो सकता है। इसके लिए पके हुए केले का छिलका लेकर अंदर वाले हिस्से से चेहरे पर धीरे-धीरे मसाज करें। खासकर दाग-धब्बों या पिंपल्स वाली जगह पर। इसके बाद आधे घंटे तक छोड़ दें और फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

**रिंकल्सफ्री स्किन के लिएः** केले के छिलके के अंदर वाले हिस्से को चेहरे पर कुछ मिनट के लिए रगड़ें, फिर गुलाब जल लगाएं। इसके बाद 25 मिनट के बाद चेहरा धो लें। बेहतर परिणामों के लिए इसका नियमित इस्तेमाल करें।

**स्किन टोनिंग के लिएः** केले के छिलके को मैश करके इसमें दही मिलाकर स्मूद पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के बाद आधे घंटे के लिए छोड़ दें फिर ताजे ठंडे पानी से धो डालें। इसके नियमित उपयोग से कील-मुंहासों को चेक करने में भी मदद मिलेगी।

**डार्क सर्कल के लिएः** आंखों के नीचे के काले घेरे दूर करने में भी केले का छिलका असरदार साबित होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले केले के अंदर का सारा रेशा निकालना होगा। इसमें एक चम्मच एलोवेरा जैल मिलाकर आंखों के आस-पास 15-20 मिनट लगाएं और बाद में ताजे पानी से धो डालें। इसके रोजाना उपयोग से आंखों के नीचे की रंगत में असर दिखाई देगा।

नई सोच

**चैतन्या**

इस बार वसंत ऋतु में सरस्वती पूजन का पर्व और राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी) का संयोग, अपने में कई संदेश लेकर आया है। संदेश यह कि हमारे प्रोत्साहन से बेटियां अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकती हैं।

## हमारी बेटियां बनें विवेकशील-सशक्त

वसंत, नव सृजन और उल्लास की रुत है। यह मौसम हर ओर खिले रंग-बिरंगे फूलों और भंवरों की गुंजन के बीच नई ऊर्जा संग जीवन से जुड़ जाने का उल्लास साथ लाता है। मां शारदा की उपासना का उत्सव, वसंत पंचमी भी सर्दी के कुहासे से निकलकर प्रकृति की रौनक से मिलने का पर्व है। ज्ञान, संगीत और कला की देवी वीणावादिनी के अर्चन का पर्व मन से रचनात्मक और जीवन को उल्लासित दृष्टि से देखने वाली बेटियों के लिए भी बहुत अहम होता है। हमारे परिवारों में समय के साथ आए बदलावों ने इस पर्व को और सार्थक बना दिया है। बेटियों की शिक्षा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता के प्रति बदली सोच वसंत पंचमी के उत्सव से जुड़े सुंदर-स्नेह भरे रंगों से मिलवाती है। जिसमें देवी की आराधना के साथ ही बेटी की अनुभूतियों को समझने का भाव भी जुड़ गया है।



**लाडलियों के ज्ञान का मानः** बेटियां हमेशा से ही घर-आंगन की रौनक मानी जाती हैं। उनकी खिलखिलाहट के बिना हर उत्सव अधूरा लगता है। बेटियों की खुशी और उल्लास अपनों के जीवन में वासंती रंग भर देते हैं। नृत्य-संगीत जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में बेटियों की खूब रुचि रहती है। एक समय था, जब उनके अस्तित्व को घर के बाहर की दुनिया से जोड़कर नहीं देखा जाता था। कलात्मक क्षेत्रों में उनके रुझान को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन अब बेटियां अपनी कला, बुद्धि और विवेक से हर ओर छाई हुई हैं। परिवार से लेकर समाज और देश के आंगन तक, बेटियों की मौजूदगी दिखती है। उनकी भागीदारी ही नहीं ज्ञान का भी मान होने लगा है। लाडलियों की रचनात्मकता पर अब उनके अपने गर्व करते हैं। ऐसे में ज्ञान, कला और संगीत की देवी के पूजन का पर्व और प्रासंगिक लगता है। वैसे भी वसंत पंचमी का त्योहार पौराणिक और धार्मिक महत्व का ही नहीं सृजनात्मक कार्यों की नई शुरुआत के लिए भी बहुत खास होता है। इस दिन बेटियां भी माता सरस्वती से अपनी प्रतिभा निखारने का आशीर्वाद मांगती हैं।

**सशक्त बनाता स्नेहः** हमारे घरों में अब बेटियों को देश की शिक्षित-सजग नागरिक बनाने वाला स्नेही भाव साफ दिखता है। यह बदलाव हर बालिका को सही मायने में सशक्त बनाने वाला है। कहते हैं कि अज्ञान का अंधकार दूर होने से ही जिंदगी में सुनहरा सवेरा होता है। मां सरस्वती की उपासना का यह पर्व भी मन को चेतनामयी बनाने का ही तो उत्सव है। देखने में आ रहा है कि अब बिटिया के जज्बाती भावों को नहीं, जागरूक सोच को भी जरूरी माना जाने लगा है। अपनी लाडलियों को प्रभावी व्यक्तित्व की धनी बनाने पर जोर दिया जाता है। जिसके चलते ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माता शारदा की उपासना की रीत वाले हमारे परिवेश में बेटियां भी अपनी बुद्धि और समझ के बल पर नित नए आसमान छू रही हैं। हर दिन अपनी जिजीविषा और प्रतिबद्धता के बल पर कुछ कर गुजरने के उदाहरण सामने आते रहते हैं।



**भविष्य की बुनियादः** असल में वसंत की दस्तक को सार्थक विचारों का आगमन भी माना जाता है। बेटियों के प्रति बर्ताव में आया अर्थपूर्ण बदलाव, परिवार ही नहीं, पूरे समाज के भविष्य की बुनियाद बनाने की भी शुरुआत है। घर-परिवार में लाडलियों के प्रति लगाव का भाव उनके स्वतंत्र अस्तित्व और आकांक्षाओं की स्वीकार्यता के सुखद पहलू लिए है।

## खबर संक्षेप

### बाजवा बने सीडीएलयू मानवीय संकाय के डीन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रो. सेवा सिंह बाजवा को आगामी तीन वर्षों के लिए मानविकी संकाय का डीन नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने इसकी अधिसूचना सोमवार को जारी की। उल्लेखनीय है कि प्रो. बाजवा वर्तमान में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष व सामुदायिक रेडियो स्टेशन के निदेशक हैं। उनके पास शिक्षण और शोध का तीन दशकों का अनुभव है। प्रो. बाजवा को अनेक शैक्षणिक और रचनात्मक उपलब्धियां प्राप्त हैं।

### 23 को मनाई जाएगी नेताजी की जयंती

**सिरसा।** हरियाणा तरूण संघ ट्रस्ट, सिरसा के महासचिव जयंत शर्मा ने बताया कि आगामी 23 जनवरी को स्थानीय सुभाष चौक में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर वायुसेना केंद्र के अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्काऊट, एनसीसी, स्काऊट एंड गाइड, महिला एनसीसी, एनसीसी ट्रुप्स की टुकडिय़ों के अलावा स्थानीय स्कूल द्वारा विशेष रूप से तैयार बैंड वादन देखने लायक होगा। उन्होंने नगरवासियों का आह्वान किया कि इस कार्यक्रम में भाग लेकर नेता जी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धासुमन अर्पित करें।

### बेसल इंप्लांट्स पर शैक्षणिक व्याख्यान

**सिरसा।** दंत चिकित्सकों के लिए सोमवार को टीटीपीफिल एवं मेटजी तकनीक द्वारा प्टेरिगोइड तथा बेसल (कॉर्टिकोबेसल) इंप्लांट्स पर शैक्षणिक व्याख्यान हुआ, जिसमें काफी संख्या में दंत विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रमुख ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग, हिमाचल इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज डॉ. दिव्य मल्होत्रा ने उन्नत इंप्लांटोलॉजी, नैदानिक प्रोटोकॉल तथा प्टेरिगोइड और ऑटोमैटिक इंप्लांट्स के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की विस्तृत जानकारी दी। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. रितेश गुप्ता एवं डॉ. सुदेश कुमार ने की।

### नेशनल चैम्पियनशिप के लिए बॉक्सर रवाना

**टोहाना।** शहर की बॉली बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ी कोच संजय के नेतृत्व में बॉक्सिंग की नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हुए। इन खिलाडिय़ों को अन्नदाता किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव उदय सिंह खारा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कोच संजय ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान के उदयपुर में किया जा रहा है जिसमें हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों से चयनित बॉक्सर भाग लेंगे। संजय ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 6 प्रतिभाशाली बॉक्सर हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

---

### पूर्व विधायक व उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

# पंडित जसराज की जयंती पर पीलीमंदोरी में समारोह 2 को, सीएम होंगे मुख्यातिथि

- विभिन्न विभागों के अधिकारियों से तैयारियों की विस्तार से चर्चा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव पीलीमंदोरी में तैयारियों का जायजा लेते पूर्व विधायक व कार्यवाहक डीसी। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय शास्त्रीय संगीत के विश्वविख्यात गायक एवं पद्म विभूषण से सम्मानित पंडित जसराज की जयंती के अवसर पर 2 फरवरी को उनके पैतृक गांव पीलीमंदोरी में एक भव्य राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम व कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने सोमवार को गांव पीलीमंदोरी पहुंचकर प्रस्तावित आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है कि महान शास्त्रीय गायक पंडित जसराज की जयंती उनके पैतृक गांव में राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पंडित जसराज ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से न केवल अपने गांव और प्रदेश, बल्कि पूरे देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा कि पंडित जसराज इस क्षेत्र के गौरव हैं और उनके जन्मदिवस पर सरकार द्वारा राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यवाहक डीसी ने बतायाकि समारोह की सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा मंच एवं बैठक व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सफल, सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से किया जा सके। कार्यवाहक उपायुक्त ने कहा कि पंडित जसराज जैसे महान कलाकार की स्मृति में आयोजित यह राज्य स्तरीय समारोह प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसे सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता और निष्ठा से कार्य कर रहा है। इस मौके पर एसडीएम राजेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पंवार, जिला पार्षद ओम प्रकाश मालिया, सुभाष गोरछिया सहित गांव के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### हरियाणा बजट के लिए 31 तक सुझाव दे सकते हैं नागरिक : अनुराग ढालिया

*फतेहाबाद। हरियाणा सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के बजट निर्माण की प्रक्रिया में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। हरियाणा सरकार का मत है कि बजट जनहित, विकास प्राथमिकताओं और नागरिकों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार हो। इसी उद्देश्य से राज्य के प्रत्येक नागरिक को अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। जिले के कार्यवाहक डीसी अनुराग ढालिया ने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए सुझाव देने के कई माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। नागरिक 7303350030 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर 31 जनवरी तक अपनी राय दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त एआई-सहायक के माध्यम से संवाद करने की सुविधा भी उपलब्ध है। कार्यवाहक डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी हरियाणा बजट 2026-27 को जनभागीदारी के साथ तैयार करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों से निरंतर बैठकें कर रहे हैं। इन बैठकों में उद्योग, शिक्षा, व्यापार, कृषि, महिला उद्यमिता सहित अनेक वर्गों से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों को गंभीरता से सुना जा रहा है। कार्यवाहक डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा शुभारंभ किए गए एआई आधारित हरियाणा बजट जनभागीदारी पोर्टल के माध्यम से आम नागरिक, विशेषज्ञ और हितधारक राज्य के बजट निर्माण में सीधे भागीदारी कर रहे हैं। इस पोर्टल पर हरियाणवी, हिंदी और अंग्रेजी तीनों भाषाओं में सुझाव देने की सुविधा उपलब्ध है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। कार्यवाहक डीसी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे समय रहते अपने सुझाव साझा करें, ताकि बजट निर्माण की प्रक्रिया अधिक समावेशी और प्रभावी बन सके। उन्होंने कहा कि प्राप्त सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें बजट निर्माण में सम्मिलित किया जाएगा, जिससे हरियाणा के समग्र विकास को नई दिशा मिल सके।*

---



**रतिया।** लोगों को हेलमेट वितरित करते क्लब सदस्य व ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी।

### लायंस क्लब रतिया ने किया वितरण

# दोपहिया वाहन चालकों को बांटे हेलमेट, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

- सहयोग के लिए स्कूल प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया

लायंस क्लब रतिया टाऊन द्वारा दी अल्पाइन टॉप स्कूल के सहयोग से शहर के भगत सिंह चौक पर दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षित यात्रा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए और उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जनपद एडमिनिस्ट्रेटर शिव सोनी ने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अत्यंत महत्वपूर्ण है। हेलमेट के प्रयोग से जहां चालक का जीवन सुरक्षित रहता है, वहीं चालान जैसी कानूनी कार्रवाई से भी बचा जा सकता है। उन्होंने सभी चालकों से नियमित रूप से हेलमेट पहनने की अपील की।

क्लब के मेडिकल चेयरमैन डॉ. अनुज गुप्ता ने बताया कि दी अल्पाइन टॉप स्कूल के सहयोग से किए गए इस हेलमेट वितरण का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट गंभीर चोट से बचाने में अहम भूमिका निभाता है। साथ ही उन्होंने इस सहयोग के लिए स्कूल प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर ट्रैफिक इंचार्ज यशविंदर सिंह ने लायंस क्लब के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से आमजन को सीख लेनी चाहिए कि जीवन बहुत कीमती है और थोड़ी सी लापरवाही जान के लिए खतरा बन सकती है। इस अवसर पर डिंपल कुमार, यशपाल खन्ना, अनिल कुमार सहित ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# श्री श्याम बगीची धाम का चौथा स्थापना महोत्सव 1 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से आगामी 1 फरवरी से 14 फरवरी तक आयोजित किए जाने वाले श्री श्याम बगीची धाम के 14 दिवसीय चतुर्थ स्थापना महोत्सव को लेकर श्री श्याम बगीची धाम के सदस्यों की बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महिला एवं पुरुष सेवादारों में काफी संख्या में भाग लिया।

### श्रीगणेश पूजन से होगा स्थापना महोत्सव का आगाज

पवन गर्ग ने बताया कि 1 फरवरी को मंदिर परिसर में चौथे स्थापना महोत्सव का आगाज श्रीगणेश पूजन से होगा। इसके साथ सुबह सवा नौ बजे श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया जाएगा। दो फरवरी को शाम सवा छह बजे भजन संध्या व भंडारे का आयोजन होगा। 3 फरवरी को श्री सुंदरकांड पाठ व कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 4 फरवरी से 9 फरवरी तक प्रतिदिन शाम को सव छह बजे भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 10 फरवरी को सुंदरकांड का पाठ व कीर्तन होगा। 11 फरवरी को भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन होगा। 12 फरवरी को दोपहर सवा दो बजे भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

---

### मेले में छात्रों को 8000 से 22600 रुपये प्रतिमाह वेतनमान दिया जाएगा

# आईटीआई भोडिया खेड़ा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला 22 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- आईटीआई के सभी व्यवसायों के पासशुद्धा व इस वर्ष के अपीयरिंग छात्रों का साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए चयन किया जाएगा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में 22 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 10वीं, 12वीं व आईटीआई के सभी व्यवसायों के पासशुद्धा व इस वर्ष के अपीयरिंग छात्रों को साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए चयन किया जाएगा। राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा के प्राचार्य रमेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले में यामाहा मोटर इंडिया लिमिटेड नोएडा, एलीना ऑटो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड मोहाली, माइक्रो टर्नर प्राइवेट लिमिटेड रोहतक, एशियन ऑटोमोटिव हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड रोहतक, पीदास कंपनी, टोयोत्सु अंबिका ऑटोमोटिव सेफ्टी कम्पनी, इंडिया प्राइवेट लिमिटेड झज्जर, यूनो मिंडा लिमिटेड खरखौदा, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड राजस्थान, महले आनंद थर्मल सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नोएडा, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड फतेहाबाद, विश्वकर्मा इंजीनियर वर्क्स टोहाना, शिवा प्रोटीन प्राइवेट लिमिटेड टोहाना व अन्य कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 10वीं, 12वीं व आईटीआई के सभी व्यवसायों के पासशुद्धा व इस वर्ष के अपीयरिंग छात्रों को साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए चयन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में छात्रों को 8000 रुपये से 22600 रुपये प्रतिमाह वेतनमान तथा अन्य सुविधा कम्पनी पॉलिसी अनुसार प्रदान की जाएगी।

---

# लाखों रुपये की हेरोइन सहित दो तस्करों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा




**सिरसा।** हेरोइन के साथ पकड़े गए आरोपी।

- सूचना के आधार पर टीम ने नाकाबंदी करके बाइक सवार दो संदिग्धों को काबू किया

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने गश्त के दौरान गांव ओढ़ां में ख्योंवाली रोड से बाइक सवार दो युवकों को 265 ग्राम हैरोइन व 2 मोबाइल सहित गिरफ्तार किया है। यूनिट प्रभारी उप-निरीक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि वह पुलिस टीम के साथ नशा रोकथाम के लिए थाना ओढ़ां क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दो तस्कर बाइक पर नशीला पदार्थ हेरोइन लेकर गांव ओढ़ां से गांव ख्योंवाली होते हुए गांव रघुआना जाएंगे।

सूचना के आधार पर टीम ने नाकाबंदी करके बाइक सवार दो संदिग्धों को काबू कर तलाशी ली तो उनके कब्जे से 265 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान निर्मल पुत्र श्यामलाल और बलविंदर सिंह उर्फ रिंकू पुत्र जगदीश सिंह निवासी गांव रघुआना जिला सिरसा के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी बड़े स्तर पर नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त हैं, जिन्होंने नशीले पदार्थ की खेप को पंजाब के तरनतारन से मंगवाया है। जिसकी अवैध मार्केट में कीमत 50 लाख रुपए से ऊपर आंकी गई है, जोकि डबवाली और सिरसा के गांवों में सप्लाई की जानी थी।

---

### प्रदेश की सोलर पॉलिसी को फेल करने पर तुली सरकार: बियानी

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आनंद बियानी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की सौर ऊर्जा पॉलिसी को फेल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिना किसी अग्रिम सूचना दिए अपने नियमों में परिवर्तन कर उपभोक्ता के बिलों मे 100 रूपए प्रति किलोवाट प्रति माह फिक्स चार्ज के नाम से बिलों में लगाकर भेजना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि केवल इतना ही नहीं सर्दियों के इस मौसम में बिजली नहीं बनने के दिनों में अपने सभी नियमों को दाव पर रखकर उन्हीं दिनों की बिजली रीडिंग कर सोलर उपभोक्ताओं को बिल भेजकर इस स्कीम को फेल करने का मन बना लिया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि एक तरफ तो देश के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा बिजली उत्पादन के लिए हर घर में सोलर सिस्टम से जोडने की योजना बना रहे हैं परंतु नायब सैनी की प्रदेश सरकार द्वारा इस प्रकार बिल वसूली कर उन्हीं की योजनाओं को घुन लगाने का काम कर रही है। बियानी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने बिना प्रचार-प्रसार किए लोगों द्वारा भरे हुए निर्धारित लोड से अधिक लोड खर्च होने पर पूरे बिल के इलावा अतिरिक्त बिल नेट संडरी चार्जज के नाम से प्रति बिल में हजारों रूपए लगाकर प्रदेश की जनता को परेशान लूटा जा रहा है। उन्होंने मांग की कि जिन उपभोक्ताओं से इस प्रकार की बिल वसूली की गई है उन्हें बिना किसी देरी के उनके बिलों में एडजस्ट कर रिफंड किया जाए।

- बिना सूचना सोलर उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे बढ़े हुए बिल

### तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी 6 फरवरी से

**सिरसा।** पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड मेला मैदान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक किया जाएगा। इस पशु प्रदर्शनी में उत्तम नस्ल के गाय, भैंस, भेड़, बकरी, ऊंट, घोड़ों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 53 श्रेणी में इन विजेता पशुओं को इनाम दिये जाएंगे। प्रदर्शनी में पशुपालकों को भेजने के लिए सरकार द्वारा बसों का प्रबंध किया गया है, जिनमें पशुपालक कुरुक्षेत्र पशु प्रदर्शनी में निःशुल्क यात्रा कर सकते हैं। पशु प्रदर्शनी संबंधी जानकारी देते हुए डॉ. सुखविंद्र सिंह उपनिदेशक, सघन पशुधन एवं विकास परियोजना ने बताया कि जिले से उत्तम नस्ल के पशुओं को इस पशु प्रदर्शिनी में ले जाने व वापिस लाने का खर्च तय रेट अनुसार विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पशुपालकों व पशुपालकों के पशुओं के खाने पीने की व्यवस्था भी विभाग द्वारा की गई है। इसके अतिरिक्त पशु प्रदर्शनी में पशुपालकों के ज्ञानवर्धन के लिए विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन पशुपालकों के पास उत्तम नस्ल के पशु हैं, वे अपने नजदीकी पशु अस्पताल में संपर्क करके अपने पशुओं का पंजीकरण करवाएं व जिन पशुपालकों ने पशु प्रदर्शनी देखने के लिए जाना है, वे भी अपने नजदीकी पशु अस्पताल में अपना नाम दर्ज करवा लें।

- 53 श्रेणी में विजेता पशुओं को इनाम दिए जाएंगे

### आढ़तियों को इलेक्ट्रॉनिक कांटों से फसल तुलाई के दिए निर्देश

**टोहाना।** मार्केट कमेटी सचिव संदीप गर्ग ने अनाज मंडी के सभी आढ़तियों को रबी की फसल की खरीद के दौरान इलेक्ट्रॉनिक कांटों से तुलाई करने से संबंध में निर्देश जारी किए है। सचिव की ओर से आगामी 15 दिनों में इलेक्ट्रॉनिक कांटों की खरीद करने के लिए कहा है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप गर्ग ने कहा कि बोर्ड मुख्यालय से प्राप्त आदेशों के अनुसार आने वाले रबी सीजन 2026 को मद्देनजर सभी दुकानदारों को आदेश दिए है। उन्होंने कहा कि वह अपने अपने परिसर पर आने वाली कृषि उपज की आवक को इलेक्ट्रॉनिक कांटों से तुलाई करना सुनिश्चित करेंगे तथा सभी दुकानदार 15 दिनों के अंदर अपने-अपने इलेक्ट्रॉनिक कांटो की खरीद करके इसकी सूचना कार्यालय मार्किट कमेटी को देना सुनिश्चित करेंगे। बता दे कि इससे पूर्व धान की फसल खरीद से पहले विभाग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कांटे खरीदने के लिए निर्देश दिए थे लेकिन उसके बाद आढतियों द्वारा विरोध जताया गया था। इसके बाद धान सीजन में इलेक्ट्रॉनिक कांटों का प्रयोग कम किया गया

- 15 दिनों में इलेक्ट्रॉनिक कांटें खरीदने के लिए कहा

---

# महिला कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर छात्राओं को किया जागरूक

- कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जगसीर साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** साइबर सुरक्षा विषय पर छात्राओं को जागरूकता वक्ता प्रोफेसर जगसीर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल युग में सुरक्षित एवं सतर्क रहने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर जगसीर सिंह ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, पासवर्ड सुरक्षा तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सावधानी बरतने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है और छात्राओं को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनना चाहिए।

### डॉ. लखबीर कौर ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में छात्राओं का साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे स्वयं के साथ-साथ समाज को भी सुरक्षित रख सकें। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी डॉ. शकुंतला सिहाग, सहायक प्राध्यापक रमन तथा महिला प्रकोष्ठ से सरोज, मंजू बाला, कविता, सुमन भतेरी एवं उनकी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय को समझा।

---

**शताब्दी वर्ष** | विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन

### भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ

# राष्ट्र सर्वोपरि का भाव हर व्यक्ति में आना जरूरी : अरुण कुमार

- मुख्य वक्ता के तौर पर संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा




**सिरसा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में उपस्थित लोग। *फोटो : हरिभूमि*

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला में विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागार में प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार मौजूद थे।

जिला संघ चालक राजकुमार ग्रोवर, संयोजनक नरेंद्र गुप्ता, जिला सम्पर्क प्रमुख ओमप्रकाश कथूरिया और सह जिला संपर्क प्रमुख पुनीत सरदाना के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान, भेख सठ दर्शन साधु समाज हरियाणा महंत योगेश दास ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ विवेकानंद स्कूल के बच्चों द्वारा वंदेमातरम गान और मुख्य वक्ता व अध्यक्ष द्वारा भारत माता चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष योगेश दास ने कहा कि देशप्रेम समाज के हर व्यक्ति को करना चाहिए। मुख्य वक्ता संघ के सह सरकार्यवाह अरूण कुमार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष की यात्रा और आगामी वर्षों में पंच परिवर्तन विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज को समृद्ध और जागृत करने के संकल्प को पूरा करने में लगा है। उन्होंने बताया कि विजय दशमी 1925 को शुरू हुए संघ की 100 वर्ष की यात्रा आसान नहीं रही, संघर्ष, उपहास और विरोध के बीच तपकर संघ निखरा है। उन्होंने कहा कि देश को महान राष्ट्र बनाना है, राष्ट्र का भाग्य राष्ट्र का समाज ही बनाता है। जिला संपर्क प्रमुख ओमप्रकाश कथूरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में प्रताप सिंह, प्रीतम कुमार, दीपक कुमार, कृष्ण कुमार, पुनीत कुमार, जसवीर सिंह, रामसिंह यादव, पविकांत मित्तल, जयंत शर्मा, नरेश कुमार, कर्मवीर, विजय कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने कार सवार युवक को हेरोइन सहित दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त के दौरान चतरगढ़पट्टी क्षेत्र से कार सवार युवक को 10 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम बाईपास चतरगढ़पट्टी सिरसा के पास मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक कार सवार युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त कार सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक गाड़ी की स्पीड कम करके वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस ने युवक को काबू कर लिया।

### चोरी की वारदात के तीन आरोपी धान समेत पकड़े

**सिरसा।** पुलिस ने अनाज मंडी में खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से 7 बोरी धान चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को काबू कर लिया है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि बीती 14 जनवरी को इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी पीड़ित अंकुश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अनाज मंडी सिरसा में रात्रि को अनाज मंडी सिरसा में खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से कुछ अज्ञात युवकों 7 बोरी धान चोरी करके मौका से फरार हो गए।

### चूरापोस्त सहित तस्कर को पुलिस ने दबोचा

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव सिकंदरपुर क्षेत्र से एक व्यक्ति को 5 किलो 710 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस प्रभारी ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान नजदीकी गांव सिकंदरपुर नहर पुल के पास मौजूद थी। इस दौरान सामने से एक व्यक्ति अपने हाथों में प्लास्टिक का थैला लिए हुए आता हुआ दिखाई दिए। उक्त व्यक्ति ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र खिसकने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त व्यक्ति को काबू कर किया।

### करियर जागरूकता सत्र में दी विशेष जानकारी

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा 20 से 22 तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय करियर एवं प्रोफाइल बिल्डिंग जागरूकता सत्र के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक एपीजे अब्दुल कलाम भवन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. शैलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी तीन दिवसीय जागरूकता सत्र का सुचारु आयोजन किया।

### आर्य समाज मंदिर में लगा निःशुल्क हेल्थ कैंप

**टोहाना।** हरियाणा सेवा भारती शाखा द्वारा आर्य समाज मंदिर स्थित स्वामी दयानंद चिकित्सा केंद्र में स्वस्थ टोहाना मिशन के तहत निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सेवा भारती के ऋषि राज गिरधर द्वारा मौनी अमावस्या पर उनके गुरुदेव की पुण्य स्मृति में लगाया गया। इस कैंप में निशुल्क ओपीडी के तहत शुगर टेस्ट तथा दवाइयां वितरित की गई। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 72 मरीजो के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई।

### डॉ. अनीता बनीं राज्य जनसूचना अधिकारी

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा में पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता मडिया को महाविद्यालय की राज्य जनसूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा नई वरीयता सूची जारी करने के उपरांत डॉ. अनीता मडिया महाविद्यालय में वरीयता सूची में द्वितीय स्थान पर आ गई हैं।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## होटल पंचतारा, सैफरन व ड्रीम होटल में सुरक्षा व्यवस्थाओं को जांचा

# गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट, कई होटलों को खंगाला

पुलिस ने होटलों में ठहरने वालों का रिकॉड देखा और सीसीटीवी का संचालन भी परखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना जाखल पुलिस द्वारा सोमवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में जाखल क्षेत्र में स्थित होटल पंचतारा, होटल सैफरन एवं ड्रीम होटल को पुलिस टीम द्वारा चैक किया गया। इसके अलावा रेलवे स्टेशन पर भी जांच की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा मानकों की अनुपालना सुनिश्चित करना तथा किसी भी संभावित अवांछनीय गतिविधि को समय रहते रोका जाना रहा।

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि चेकिंग के दौरान होटलों में ठहरने वाले आगंतुकों के पहचान संबंधी रिकॉर्ड, रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता तथा प्रवेश-निकास व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया। होटल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बिना पहचान सत्यापन के किसी भी व्यक्ति को ठहराने से बचें और संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसके अतिरिक्त अग्नि सुरक्षा उपकरणों एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। उपनिरीक्षक सुरेश ने आगे बताया कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व के दौरान भीड़भाड़ वाले स्थानों, होटलों एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम द्वारा होटल स्टाफ से संवाद कर उन्हें सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा सहयोग की अपील की गई। चेकिंग के दौरान सभी होटल प्रबंधन द्वारा पुलिस को पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। अंत में थाना जाखल पुलिस ने आमजन से अपील की कि राष्ट्रीय पर्व के दौरान किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। जिला पुलिस पूरी सतर्कता के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पुलिस ने लोगों से आपील करते हुए कहा संदिग्ध स्थिति पर तुरंत सूचित करें


जाखल। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से पूछताछ करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### शहीद भगत सिंह स्टेडियम में परेड टुकड़ियों ने की रिहर्सल

**सिरसा।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जारी हैं। इसी क्रम में सोमवार को स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में मार्च/परेड टुकडिय़ों की रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास सत्र का उद्देश्य गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के दौरान परेड और अन्य कार्यक्रमों में पूर्ण अनुशासन और तालमेल सुनिश्चित करना है। परेड के नोडल अधिकारी सरदार सुखदेव सिंह के नेतृत्व में विभिन्न स्कूलों के बच्चों और एनसीसी की विभिन्न टुकडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन किया। परेड कमांडर के नेतृत्व में बच्चों ने स्टेडियम के मुख्य मंच के सामने से मार्च पास्ट किया और सलामी दी। इस दौरान अधिकारियों ने जवानों की कदमताल, टर्न आउट और अनुशासन का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रवक्ता बलदेव कुमार, पीटीआई मनेंद्र सिंह, पीटीआई बलवंत सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के इंचार्ज मौजूद रहे।



## अंजू जिला महासचिव और रेनू को ब्लॉक अध्यक्ष की कमान


फतेहाबाद। ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की महिला विंग कार्यकारिणी।

- ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी महिला विंग की जिला व फतेहाबाद विस कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी जिला फतेहाबाद की महिला अध्यक्ष सूर्यवंशी डॉ. सुमन बजाज ने आज जिला कार्यकारिणी और फतेहाबाद विधानसभा की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा, प्रदेश अध्यक्ष सूर्यवंशी ओम प्रकाश चुघ और जिला अध्यक्ष सूर्यवंशी धर्मपाल चावला से विचार विमर्श करके उन्होंने नई टीम का गठन किया है। जिला कार्यकारिणी में सूर्यवंशी अंजलि कामरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अन्जू दानी को महासचिव, कुसुम चौधरी को सचिव, मन्जू चोपड़ा, सुषमा सेठी, किरण चोपड़ा, पूनम ग्रोवर व अन्जू मेहता को उपप्रधान, भारती सचदेवा को सचिव बनाया गया है वहीं श्वेता, मधू, पिंकी उर्फ सुनीता शर्मा, नीलम पहुजा व सुमन आहूजा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर संस्थापक कमल हांडा, राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा, राष्ट्रीय उपाध्यक्षा ज्योति कमल हांडा, प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ व महिला जिलाध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज का आभार जताया है।

### कार्यकारिणी गठित

इसके अलावा महिला विंग फतेहाबाद विधानसभा कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया है। इसमें ममता रहेजा को प्रधान, सीमा मेहता को महासचिव, सुनीता आनंद, दीपा उर्फ पुष्पा आहूजा, ममजा आहूजा, अन्जु बतरा को उपप्रधान, चंचल मुंजाल को सहसचिव बनाया गया है। इसके अलावा मीनाक्षी चोपड़ा, रीतू मेहता, रूप मालती, संतोष मेहता, अंजू जग्गा, मोनिका उर्फ मोना सरदाना, मीना आहूजा, प्रवीन कुमार नरूला व पुनीता कक्कड़ को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। महिला जिलाध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज ने श्रुति मोंगा को यूथ विंग का जिला सलाहाकार व रेनू सेठी को भट्टू ब्लाक प्रधान मनोनीत किया गया है।

## राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता से लौटी मुस्कान का बड़ोपल में किया भव्य स्वागत

- प्रतियोगिता 2 से 7 जनवरी तक ग्वालियर में आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर आई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ोपल की 12वीं कला संकाय की छात्रा मुस्कान बिश्नोई सुपुत्री सुभाषचंद्र का विद्यालय प्रांगण में विद्यालय परिवार द्वारा अभिनंदन और स्वागत किया गया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता एवं एईओअनूप सिंह भाखर ने बताया कि यह प्रतियोगिता 2 से 7 जनवरी तक ग्वालियर, मध्यप्रदेश में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में मुस्कान ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। इससे पूर्व मुस्कान ने राज्य स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर-19 हॉकी में ने कांस्य पदक हासिल किया था। इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार, प्राचार्या अनीता रानी, सरपंच रेशमा रानी व एसएमसी प्रधान स्मेस्ता व डॉ.राजेन्द्र गोदारा ने विद्यालय परिवार को बधाई दी है।


फतेहाबाद। छात्रा का स्वागत करते विद्यालय स्टाफ सदस्य।

### वृद्धाश्रम में दान किए रजाई, गद्दे व कंबल

**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय सामाजिक विकास समिति की राष्ट्रीय महासचिव एवं अग्रोहा विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष नेहा मित्तल ने आज सिरसा जिले के कालांवाली में गुरू प्रेमसुख वृद्धाश्रम में अनुपम महाराज के पावन प्रेरणा से बुजुर्गों को रजाई, गद्दे, कंबल, गर्म चद्दरें आदि दान की। इस मौके पर अनुपम महाराज ने इस पुनीत कार्य के लिए नेहा मित्तल को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर उनके साथ राष्ट्रीय सामाजिक विकास समिति की प्रदेशध्यक्ष एवं अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिला महामंत्री डा. सन्ध्या अग्रवाल भी मौजूद थी। नेहा मित्तल ने कहा कि गरीबों की सेवा नारायण की सेवा है तथा पुण्य का फल मिलता है। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था समय-समय पर इस तरह के कार्य करती रहती है।

## सूर्य नमस्कार अभियान : नर्सिंग कॉलेज अहरवां में विद्यार्थियों को करवाया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

आयुष विभाग व हरियाणा आयोग के संयुक्त तत्वाधान से जिले में योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत शहीद बाबा दीप सिंह नर्सिंग कॉलेज, अहरवा में सूर्य नमस्कार का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 450 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला योग समन्वयक डॉ. भारती चौहान ने की। इस दौरान योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा और योग सहायक श्रवण तथा पूजा द्वारा सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया गया, जिसमें विशेष रूप से सूर्य नमस्कार, कपालभाति क्रिया, अनुलोम-विलोम, भ्रमरी प्राणायाम और ध्यान जैसी योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस अभियान को जिले के प्रत्येक गांव में चलाया जा रहा है और सभी विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। इस मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनूप संधू और एमडी शरणदीप कौर ने आयुष विभाग की योग टीम का धन्यवाद किया।


फतेहाबाद। योगाभ्यास करते हुए शहीद बाबा दीप सिंह नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी।

### विकसित भारत की नींव मजबूत करेगा जी राम जी बिल : डॉ. बनवारी

**सिरसा।** भाजपा कार्यालय में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण के अंतर्गत एक जिला स्तरीय महत्वपूर्ण कार्यशाला एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि यह मिशन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वीबी-जी राम-जी मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा, युवाओं को कौशल विकास से जोडक़र आत्मनिर्भर बनाएगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में सूचीबद्ध कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और वीबी-जी राम-जी मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### शिविर में हुई 220 नेत्र रोगियों की जांच

**सिरसा।** पूर्व मंत्री स्व. जगदीश नेहरा की तृतीय पुण्यतिथि पर श्री बाला जी चेरिटेबल ट्रस्ट और बाबा बिहारी नेत्रालय की ओर से ओर से निःशुल्क आंखों की जांच और ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। संदीप नेहरा ने बताया कि सबसे पहले हनुमान मंदिर में श्री बालाजी की पूजा अर्चना की गई। शिविर में आसपास के गांवों और दूर दराज से पहुंचे सरपंचों, पूर्व सरपंचों और ग्रामीणों, राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पूर्व सिंचाई-शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार स्व. नेहरा की समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। नेत्र रोगियों की जांच वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. नीरू गिजवानी ने की। बाबा बिहारी नेत्रालय के प्रधान प्रवीन बागला की देखरेख में इस शिविर में 220 नेत्र रोगियों की जांच की गई और 15 मरीजों का चयन मोतियाबिंद आपरेशन के लिए किया गया। नेहरा ने बताया कि चयनित नेत्र रोगियों के मोतियाबिंद ऑप्रेशन बाबा बिहारी नेत्रालय में किए जाएंगे।


सिरसा। मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## कार्यशाला में छात्राओं ने तैयार किए आर्टिफिशियल ज्वेलरी के डिजाइन

- राजकीय महिला कॉलेज सिरसा में कौशल विकास पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित चार दिवसीय आर्टिफिशियल ज्वैलरी निर्माण कार्यशाला सोमवार को संपन्न हुई। कार्यशाला के दौरान ट्रेनर रीया सिसोदिया द्वारा छात्राओं को आर्टिफिशियल ज्वैलरी के विभिन्न डिज़ाइनों, सामग्री के चयन, रंग संयोजन, आधुनिक ट्रेंड्स तथा व्यवसायिक संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं ने रानी हार, कंगन, झुमके, पायल, कानों की बालियां, मंगलसूत्र आदि आकर्षक आभूषण स्वयं तैयार किए। प्रशिक्षण के दौरान व्यवहारिक अभ्यास पर विशेष बल दिया गया, जिससे छात्राओं की रचनात्मकता और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्राओं को न केवल रचनात्मक मंच प्रदान करती हैं, बल्कि उन्हें स्वरोजग़ार के लिए भी प्रेरित करती हैं।


सिरसा। छात्राओं को आर्टीफिशियल ज्वैलरी बनाना सिखाते हुए।

### श्रीराम मंदिर में भजन संध्या 22 जनवरी को

**फतेहाबाद।** अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर 22 जनवरी को श्री रघुनाथ मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर सभा के प्रधान टेकचंद मिढ्ढा ने बताया कि पंडित राकेश शर्मा के सान्निध्य में 22 जनवरी को सांय 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्रीराम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक मुकेश राही, उमंग सरदाना, मोना मैहता, मुस्कान सोनी, नक्श मुटरेजा अपने मधुर भजनों से माहौल को राममय बनाएंगे। कार्यक्रम में मंच संचालन राजकुमार मदान करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में हरिनाम संकीर्तन मंडल एवं लाड़ला खाटू वाले का श्रीश्याम परिवार का विशेष सहयोग रहेगा।

## कुनाल में मनरेगा की ऑनलाइन ग्राम सभा में ग्रामीणों को दी जानकारी

# डिजिटल प्लेटफॉर्म से सरकारी योजनाओं के कार्य में बढ़ी पारदर्शिता

पंचायत स्तर पर पारदर्शिता बढ़ाने और तकनीक को मजबूत करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

ग्राम पंचायत कुनाल में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत प्रायोगिक आधार पर ऑनलाइन ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पंचायत स्तर पर पारदर्शिता बढ़ाने और तकनीक आधारित सुशासन को मजबूत करने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। ऑनलाइन माध्यम से हुई इस ग्राम सभा में ग्रामीणों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। ग्राम सभा का संचालन ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) राकेश कुमार व ग्राम सचिव रेखा ने संयुक्त रूप से किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच संदीप कौर ने की। ग्राम सचिव रेखा ने विभिन्न दस्तावेजों और डिजिटल माध्यमों के जरिए ग्रामीणों को मनरेगा योजना, कार्यों की प्रक्रिया, भुगतान प्रणाली और सोशल ऑडिट से जुड़ी अहम जानकारियां दीं। बीआरपी राकेश कुमार ने बताया कि ऑनलाइन ग्राम सभा के दौरान सोशल ऑडिट की पूरी प्रक्रिया पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से जियो-टैगिंग के साथ संपन्न की गई। इससे पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हुई और ग्राम सभा की कार्यवाही पूरी तरह पारदर्शी रही। उन्होंने कहा कि मोबाइल और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए योजनाओं की जानकारी मिलने से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी है।


भूना। ऑनलाइन ग्राम सभा में ग्रामीणों को जानकारी देते बीआरपी व ग्राम सचिव। फोटो : हरिभूमि

### श्रमिकों के अधिकारों को बताया

ग्राम सभा का आयोजन सामाजिक विकास विशेषज्ञ, मुख्यालय चंडीगढ़ के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किया गया। सोशल ऑडिट यूनिट हरियाणा से आए सदस्यों ने ग्रामीणों को सोशल ऑडिट की प्रक्रिया, मनरेगा के उद्देश्यों, श्रमिकों के अधिकारों और पारदर्शिता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सोशल ऑडिट से योजनाओं में जवाबदेही तय होती है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण संभव होता है।